दिन–गुरूवार दिनांक– 25 / 04 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में पांच संसदीय क्षेत्र– किशनगंज, कटिहार, पूर्णियां, भागलपुर और बांका में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच कल डाले जायेंगे वोट।
02. भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा – कांग्रेस पार्टी संविधान और देश के नाम पर लोगों को गुमहार कर रही है।
03. दरभंगा, उजियारपुर, समस्तीपुर, बेगूसराय और मुंगेर में होने वाले चौथे चरण के चुनाव के लिए नामांकन कार्य आज समाप्त। पांचवे चरण के चुनाव के लिए कल जारी होगी अधिसूचना।
04. और, मौसम विभाग ने प्रदेश के अधिकतर भागों में प्रचंड गर्मी और लू को लेकर जारी किया ऑरेंज अलर्ट। गर्मी के मद्देनजर पटना जिले में स्कूलों के संचालन समय में फिर हुआ बदलाव।

————————————————————————————

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के तहत राज्य के पांच संसदीय क्षेत्रों किशनगंज, कटिहार, पूर्णियां, भागलपुर और बांका में कल मतदान होगा। मतदान सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक होगा। निर्वाचन आयोग ने भीषण गर्मी और लू को देखते हुए बांका संसदीय क्षेत्र के कटोरिया विधानसभा क्षेत्र के एक सौ दो मतदान केन्द्रों और बेलहर विधानसभा क्षेत्र के एक सौ छियालीस मतदान केन्द्रों पर सुबह सात बजे से शाम चार बजे तक वोटिंग का समय निर्धारित किया है। तिरानवे लाख छियानवे हजार से अधिक मतदाता तीन महिला समेत पचास उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला करेंगे। सोलह निर्दलीय प्रत्याशी भी चुनाव मैदान में हैं। सबसे अधिक बारह–बारह प्रत्याशी किशनगंज और भागलपुर में हैं, जबकि सबसे कम सात प्रत्याशी पूर्णियां में हैं। इस चरण की सभी पांच सीटों पर एनडीए की ओर से जदयू के प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं जबकि इंडी गठबंधन में शामिल दल कांग्रेस के तीन और राजद के दो प्रत्याशी चुनावी मुकाबले में हैं।

————————————————————————————

किशनगंज और पूर्णियां संसदीय क्षेत्र में त्रिकोणीय मुकाबला हैं जबकि भागलपुर, बांका और कटिहार में एनडीए और महागठबंधन के उम्मीदवार आमने–सामने है। किशनगंज में कांग्रेस के मोहम्मद जावेद, जदयू के मुजाहिद आलम और एआईएमआईएम के अख्तरूल ईमान के बीच त्रिकोणीय मुकाबला है। वहीं, पूर्णियां सीट पर निर्दलीय उम्मीदवार पप्पू यादव की मौजूदगी ने चुनाव दिलचस्प बना दिया है। इस सीट पर पप्पू

यादव का मुकाबला, जदयू के संतोष कुशवाहा और राजद की बीमा भारती से है। कटिहार में जदयू के निवर्तमान सांसद दुलाल चंद गोस्वामी और कांग्रेस के तारिक अनवर के बीच सीधी टक्कर मानी जा रही है। भागलपुर में जदयू के निवर्तमान सांसद अजय मंडल और कांग्रेस के अजीत शर्मा के बीच मुख्य मुकाबला है। वहीं, बांका में जदयू के गिरिधारी यादव और राजद के जयप्रकाश यादव आमने–सामने हैं।

———————————————————————————————

निर्वाचन आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस चरण में राज्य के एक लाख सैंतीस हजार सात सौ तैंतीस मतदाता पहली बार मतदान करेंगे। इन सभी सीटों पर मतदान के लिए प्रशासनिक तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। हमारे कटिहार संवाददाता ने बताया कि शांतिपूर्ण मतदान के लिए प्रशासन ने विशेष प्रबंध किये हैं। मतदान केन्द्रों की सुरक्षा से लेकर मतदाताओं की सुविधा का भी पूरा ख्याल रखा जायेगा। एक रिपोर्ट–

———बाईट———

किशनगंज संसदीय सीट पर मतदान को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी है। और जानकारी हमारे संवाददाता से–

———बाईट———

बांका संसदीय क्षेत्र के बेलहर और कटोरिया विधानसभा क्षेत्र के कई बूथों पर मतदान का समय सुबह सात बजे से शाम चार बजे तक ही निर्धारित किया गया है। और जानकारी हमारे संवाददाता से–

———बाईट———

भागलपुर संसदीय क्षेत्र में पीठासीन अधिकारियों और मतदान कर्मियों की टीम अपने–अपने बूथों पर पहुंच गयी है। क्षेत्र में शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित करने के लिए जिले के सीमा क्षेत्रों को सील कर दिया गया है। एक रिपोर्ट–

———बाईट———

पूर्णियां में त्रिकोणीय मुकाबले को देखते हुये प्रशासन पूरी तरह सतर्क और सजग है। सभी संवेदनशील बूथों पर सुरक्षा बलों की तैनाती की गयी है। और जानकारी हमारे संवाददाता से–

———बाईट———

———————————————————————————————

निर्वाचन आयोग ने शांतिपूर्ण, स्वतंत्र और निष्पक्ष मतदान सम्पन्न कराने के लिए सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये हैं। अपर पुलिस महानिदेशक जे.एस. गंगवार ने बताया कि निर्भीक चुनाव सम्पन्न कराने के लिए पचपन हजार से अधिक सुरक्षा बलों की तैनाती की गयी है।

———————————————————————————————

निर्वाचन आयोग ने कहा है कि लोग मतदान के लिए मतदाता पहचान पत्र के साथ–साथ बारह वैकल्पिक फोटोयुक्त पहचान पत्रों का उपयोग कर सकेंगे। इन पहचान पत्रों में आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, बैंकों या डाकघरों द्वारा जारी किये गये फोटोयुक्त पासबुक, ड्राईविंग लाइसेन्स, पैन कार्ड और पासपोर्ट शामिल हैं।

———————————————————————————————

किशनगंज, कटिहार, भागलपुर, पूर्णियां और बांका संसदीय क्षेत्र में कल मतदान को देखते हुये सभी सरकारी, सार्वजनिक और निजी क्षेत्रों के कार्यालयों में सवैतनिक अवकाश रहेगा।

———————————————————————————————

लोकसभा चुनाव के तीसरे और चौथे चरण के लिए प्रचार अभियान तेज हो गया है। भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि कांग्रेस जब भी देशहित और जनहित के खिलाफ कोई योजना बनाती है तो संविधान और देश के नाम पर लोगों को गुमराह करती है। श्री मोदी ने उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुये लोगों को आपात काल के काले दिनों की याद भी दिलाई।

———बाईट———

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल अररिया के हवाई अड्डा मैदान और मुंगेर के साफियासराय में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। इधर, एनडीए और महागठबंधन के नेता अपने–अपने उम्मीदवारों के समर्थन में विभिन्न स्थानों पर रैली, रोड शो और जनसम्पर्क अभियान कर रहे हैं। वहीं, वांमपंथी दल सीपीआई, सीपीएम और माले के वरिष्ठ नेता भी अपने–अपने उम्मीदवारों के साथ ही इंडी गठबंधन के अन्य प्रत्याशियों की विजय सुनिश्चित करने के लिए प्रचार में जुटे हैं।

———————————————————————————————

और अब सुनते है राज्य के संसदीय निर्वाचन–क्षेत्रों के राजनीतिक परिदृश्य पर आधारित आकाशवाणी समाचार की विशेष श्रृंखला। आज बात मधेपुरा लोकसभा सीट की। मधेपुरा बिहार के उन पांच संसदीय निर्वाचन–क्षेत्रों में से एक है, जहां तीसरे चरण में सात मई को मतदान होना है। हमारे संवाददाता की एक रिपोर्ट–

———रिपोर्ट———

समाजवाद की भूमि के रूप में पहचान रखने वाले मधेपुरा संसदीय क्षेत्र पर पूरे देश की निगाहें टिकी रहती हैं। पूर्व मुख्यमंत्री और मंडल आयोग के अध्यक्ष बी.पी. मंडल की कर्मभूमि रहा यह क्षेत्र समाजवादी नेताओं लालू प्रसाद और शरद यादव की भी कर्मभूमि रही है। इस संसदीय सीट से बी.पी. मंडल तीन बार, शरद यादव चार बार और लालू प्रसाद दो बार सांसद रह चुके हैं। राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव भी दो बार इस संसदीय क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। वर्ष दो हजार उन्नीस के लोकसभा चुनाव में इस सीट से जदयू के दिनेश चंद्र यादव को जीत मिली

थी। उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी राजद के शरद यादव को पराजित किया था। जदयू ने एक बार फिर भरोसा जताते हुए दिनेश चंद्र यादव को टिकट दिया है। वहीं, इंडी गठबंधन में सीट बंटवारे के तहत राजद के खाते में आई इस सीट पर पार्टी ने पूर्व सांसद आर. के. यादव रवि के पुत्र प्रोफेसर चंद्रदीप को अपना उम्मीदवार बनाया है। चुनाव में कुल आठ प्रत्याशी अपनी किस्मत आजमा रहे हैं, लेकिन मुख्य मुकाबला एनडीए और इंडी गठबंधन के उम्मीदवारों के बीच ही है। भौगोलिक दृष्टि से देखें तो मधेपुरा लोकसभा क्षेत्र में मधेपुरा और सहरसा जिले के तीन–तीन विधानसभा क्षेत्र आते हैं। इनमें से चार सीटों– आलम नगर, बिहारीगंज, सोनवर्षा और महिषी पर जदयू का कब्जा है। वहीं, मधेपुरा में राजद और सहरसा में भाजपा के विधायक हैं। मधेपुरा लोकसभा क्षेत्र की राजनीतिक तासीर ऐसी है कि यहां हमेशा से स्थानीय मुद्दों पर राष्ट्रीय परिदृश्य के मुद्दे हावी रहे हैं। इस बार भी कुछ ऐसी ही परिस्थिति बनती दिख रही है। आकाशवाणी समाचार के लिए मधेपुरा से मनीष कुमार वत्स।

———————————————————————————

दरभंगा, उजियारपुर, समस्तीपुर, बेगूसराय और मुंगेर संसदीय क्षेत्रों में होने वाले चौथे चरण के चुनाव के लिए नामांकन पत्र भरने का काम आज समाप्त हो गया। इन संसदीय सीटों पर कुल चौरासी उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किया है। आज नामांकन के अंतिम दिन दरभंगा और उजियारपुर में ग्यारह–ग्यारह, मुंगेर में छह, बेगूसराय में पांच और समस्तीपुर में चार नामांकन पत्र भरे गये हैं। कल नामांकन पत्रों की जांच की जायेगी। उम्मीदवार उनतीस अप्रैल तक अपना नाम वापस ले सकते हैं। चौथे चरण का मतदान तेरह मई को होगा।

———————————————————————————

बीस मई को होने वाले लोकसभा चुनाव के पांचवे चरण के मतदान के लिए कल अधिसूचना जारी की जायेगी। इसके साथ ही नामांकन का कार्य शुरू हो जायेगा। उम्मीदवार तीन मई तक नामांकन कर सकेंगे। नामांकन पत्रों की जांच चार मई को होगी। नाम वापस लेने की अंतिम तिथि छह मई है। इस चरण में प्रदेश की पांच संसदीय क्षेत्रों– सीतामढ़ी, मधुबनी, मुजफ्फरपुर, सारण और हाजीपुर में मतदान होगा।

———————————————————————————

राजधानी पटना के कोतवाली थाना क्षेत्र अन्तर्गत पटना जंक्शन स्थित एक होटल में भीषण अगलगी की घटना में तीन महिला समेत छह लोगों की मौत हो गयी। सेंट्रल एसपी चंद्रप्रकाश ने बताया कि इस घटना में बीस लोग घायल हुए हैं। घायलों को पीएमसीएच में भर्ती कराया गया है। राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, विधानसभा अध्यक्ष नंद किशोर यादव, पूर्व केन्द्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद और रामकृपाल यादव ने अगलगी की घटना में मारे गये लोगों के प्रति गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है।

———————————————————————————

राजधानी पटना समेत प्रदेश के अधिकांश भागों में भीषण गर्मी पड़ रही है। शेखपुरा, गोपालगंज, जमुई, बांका, नवादा, खगड़िया समेत विभिन्न जिलों में पारा

बयालीस डिग्री सेल्सियस को पार कर गया है। मौसत विज्ञान केन्द्र पटना के वैज्ञानिक एस.के पटेल ने बताया कि पश्चिम चम्पारण, गोपालगंज, सारण, बक्सर, रोहतास, औरंगाबाद, जहानाबाद, पटना, गया समेत राज्य के अधिकतर स्थानों पर अगले चार दिनों तक भीषण लू की सम्भावना जतायी है। विभाग ने इसे लेकर ऑरेंज अलर्ट भी जारी किया है।

---

पटना जिला प्रशासन ने भीषण गर्मी के मद्देनजर सभी शिक्षण संस्थानों में कक्षा के संचालन समय में फिर बदलाव किया है। जिला पदाधिकारी शीर्षत कपील अशोक ने आदेश जारी कर वर्ग एक से दस तक की कक्षाएं सुबह साढ़े दस बजे तक जबकि ग्यारहवीं और बारहवीं की कक्षा साढ़े ग्यारह बजे तक ही संचालित करने का निर्देश दिया है।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर

01. लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में पांच संसदीय क्षेत्र– किशनगंज, कटिहार, पूर्णियां, भागलपुर और बांका में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच कल डाले जायेंगे वोट।
02. भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा – कांग्रेस पार्टी संविधान और देश के नाम पर लोगों को गुमहार कर रही है।
03. दरभंगा, उजियारपुर, समस्तीपुर, बेगूसराय और मुंगेर में होने वाले चौथे चरण के चुनाव के लिए नामांकन कार्य आज समाप्त। पांचवे चरण के चुनाव के लिए कल जारी होगी अधिसूचना।
04. और, मौसम विभाग ने प्रदेश के अधिकतर भागों में प्रचंड गर्मी और लू को लेकर जारी किया ऑरेंज अलर्ट। गर्मी के मद्देनजर पटना जिले में स्कूलों के संचालन समय में फिर हुआ बदलाव।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।